प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में–आरडीजी सहित अन्य मुद्दों पर होगा मंथन
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश की वितीय स्थिति को सुधारने के लिए कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे जनता पर किसी तरह का बोझ पड़े
- भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने राज्य सरकार द्वारा वितीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज व राजकोषीय घाटे पर केंद्र सरकार पर आरोपों को बताया निराधार
- प्रदेश में 214 किलोमीटर लंबाई की 3 नई रेललाईनों पर 17 हजार 6 सौ 22 करोड़ रूपये होंगे खर्च

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आरडीजी सहित 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर मंथन होगा। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण को भी बैठक में मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने को लेकर भी निर्णय लिया जा सकता है। बैठक में फिजूलखर्ची रोकने और आय के संसाधन बढ़ाने को लेकर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में रिक्त पद समाप्त नहीं होंगे और भविष्य में भी भर्तियां जारी रहेंगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की वितीय स्थिति को सुधारने के लिए ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे जनता पर किसी तरह का बोझ पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को दोषारोपण की बजाय प्रधानमंत्री से मिलकर आरडीजी को बहाल करने के प्रयास करने चाहिएं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि हिमाचल जल्द ही आर्थिक संकट से उभरेगा और राज्य सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। शिमला ग्रामीण की बठमाना पंचायत के जाबरी में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय भी आर्थिक संकट आया था लेकिन हिमाचल निरंतर आगे बढ़ता रहा है।

टंडन

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि प्रदेश सरकार वितीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, राजकोषीय घाटे और गलत प्राथमिकताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में टंडन ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ओएसडी, सलाहकारों और राजनीतिक नियुक्तियों का विस्तार किया, जिससे राजस्व व्यय पर अनावश्यक बोझ बढ़ा है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण, मानव संसाधन की उपलब्धता और तकनीकी तैयारियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। शिमला में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण व मकान गणना की तैयारियों को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। सम्मेलन के दौरान जनगणना 2027 के प्रथम चरण से संबंधित कार्ययोजना और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

अनुराधा राणा

लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा है कि काजा में 75 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। काजा में आयोजित आईएस हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विंटर गेम्स के आयोजन से घाटी में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा मिला है।

सीबीएसई–ओएसएम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है।

राजीव भारद्वाज

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि चडीगढ़– बद्दी 28 किलोमीटर नई रेल लाईन का कार्य शुरू कर दिया गया है और इस पर एक हजार 5 सौ 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। लोकसभा में सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पूर्णतः या आंशिक रूप से पड़ने वाली कुल 2 सौ 14 किलोमीटर लम्बाई की तीन नई रेल लाईनें स्वीकृत की गई हैं, जिन पर 17 हजार 6 सौ 22 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

इंडोर स्टेडियम

राज्य सरकार द्वारा हमीरपुर जिला के नादौन में लगभग एक सौ 10 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता ने बताया कि इस स्टेडियम में तैराकी, बालीबॉल, बास्केटबाल सहित 17 खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है।

कला प्रदर्शनी

धर्मशाला के मशहूर कांगड़ा कला संग्राहलय में भारत व मलेशिया की तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी कल शुरू हुई। इससे पहले देशभर के कई जाने माने कलाकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया है। कलाकारों ने बताया कि वे अपनी पेटिंग्स को प्रदर्शित कर बेहद खुश हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—आरडीजी हिमाचल का हक, लड़ेंगे कानूनी लड़ाई। दिव्य हिमाचल व आपका फैसला के शब्द हैं—मुझे निशाना बनाने की जगह आरडीजी पर प्रधानमंत्री मोदी से मिलें भाजपा नेता। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है—मुझे कोसने की बजाय पीएम से मिलने दिल्ली जाएं भाजपा नेता। पंजाब केसरी ने खबर दी है—हिमाचल के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल फोन उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, शिक्षकों के लिए भी तय नियम।

''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में—आरडीजी सहित अन्य मुद्दों पर होगा मंथन
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—प्रदेश की वितीय स्थिति को सुधारने के लिए कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे जनता पर किसी तरह का बोझ पड़े
- भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने राज्य सरकार द्वारा वितीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज व राजकोषीय घाटे पर केंद्र सरकार पर आरोपों को बताया निराधार
- प्रदेश में 214 किलोमीटर लंबाई की 3 नई रेललाईनों पर 17 हजार 6 सौ 22 करोड़ रूपये होंगे खर्च